S. No. Name of Town/City

14 TeMcali
15 Vetapalam 10
Pedapalle

17 Rayachoti
18 Penugonda
19 Baptla
20 Huzurabad
21 Ganapavaram
22 Gannavaram (Vijayawada U. A..)
23 Bheemavaram
24 Narsannapet 23
Bhadrachalam

26 Patancheru
27 Viearabad
28 Piduguralla
29 Nalgonda
30 Koyyalagudsm
31 Tirupati

32 Hyderabad/Secundrabad-A
33 Hyderabad/Secundrabad-B
34 Hyderabad/SecundrabadC
35 Nandikotgur
36 Amalapuram

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

150. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) उनके मंत्रालय से संबद्ध हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठकें हुई और राजभाषा कार्यान्वियन समिति में सभी स्तरों पर गैर-सरकारी सदस्यों को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किए जाने के सम्बन्ध में क्या स्थिति है ;

(ख) मंत्रालय, इसके विभागों, संस्थानों और अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी अनुभाग को छोड़कर किस-किस अनुभाग में शत-प्रतिशत कार्य हिन्दी में किया जा रहा है तथा यह किस-किस तारीख से किया जा रहा है तथा किन मामलों में हिन्दी को अब तक नहीं अपनाया गया है तथा इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) को मंत्रालय स्तर से निम्नतम स्तर तक पालन न किए जाने के क्या कारण हैं जबकि अधिनियम को पारित हुए 24 वर्ष तथा वार्षिक कार्यक्रम को तैयार किए 10 वर्ष हो चके हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) इस वर्ष (1987) में मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति की तीन बैठकें क्रमश: 19 फरवरी, 1987, 21 मार्च, 1987 तथा 4 नवम्बर, 1987 को हुई। मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्यों को राज्यवार मंत्रालय के अधीनस्थ उपक्रमों क राजभाषा कार्यान्वयन समितियों में "पर्यवेक्षक" के रूप में नामित किया गया हैं ।

(ख) इस मंत्रालय के बीच अनुभागों अर्थात् प्रशासन अनभाग एस सी टी० कक्ष तथा पुस्तकालय का राजभाषा नियम, 1976 के नियम 8(4) के अधीन अधिकतम कार्य हिन्दी में ही करने के लिए विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(ग) मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) को लागू किया जा रहा है और इसके कार्यान्वियन की सतत मानीटरिंग निरीक्षणों तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा तथा मंत्रालय की राजभाषा कार्यान्वियन समितियों की बैठकों के माध्यम से की जाती है ।

राजभाषा अधिनियम का लागू किया जाना

151. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय से सम्बद्ध हिन्दी सलाहकार समिति की इस वर्ष कितनी बैठकें हुई और राजभाषा कार्यान्वियन समिति में सभी स्तरों पर गैर-सरकारी सदस्यों को पर्यवेक्षक के रूप में नामित किए जाने के सम्बन्ध में क्या स्थिति है ;